दिन– बुधवार दिनांक– 26 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम बिरला दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत अन्य दलों के वरिष्ठ नेताओं ने अध्यक्ष को दी बधाई।

02. नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई को दो आरोपियों की मिली रिमांड। सीबीआई ने हजारीबाग में ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और एसबीआई के विभिन्न कर्मियों से की पूछताछ।

03. पीएचईडी विभाग में टेंडर आवंटन प्रक्रिया में भारी अनियमितता। आठ सौ छब्बीस करोड़ रूपये की तीन सौ पचास निविदाएं रद्द। अन्य विभागों की भी हो रही है जांच।

04. और, प्रदेश के उत्तर–पूर्वी भागों में मॉनसून की सक्रियता बढ़ने से कई स्थानों पर अति भारी बारिश। किशनगंज के बहादुरपुर में सबसे अधिक दो सौ अस्सी मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

---

भारतीय जनता पार्टी के ओम बिरला फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्हें ध्वनिमत से निर्वाचित घोषित किया गया। कांग्रेस ने इस पद के लिए के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था। हालांकि पार्टी ने अध्यक्ष पद के निर्वाचन के दौरान मत विभाजन की मांग नहीं की। अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, ओम बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। इससे पहले आज सुबह सदन की कार्यवाही की शुरूआत में प्रधानमंत्री श्री मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बारह अन्य नेताओं ने श्री बिरला को अध्यक्ष के रूप में चुनने का प्रस्ताव पेश किया। वहीं, विपक्ष की ओर से, शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले और समाजवाद पार्टी के आनंद भदौरिया ने श्री के. सुरेश के पक्ष में प्रस्ताव रखा।

अपने संबोधन में श्री ओम बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

———बाईट———

18वीं लोक सभा हमारे नए वीजन और नए संकल्प की सभा होनी चाहिए। देश समक्ष ज्वलन मुद्दों पर सार्थक चर्चा संवाद हो और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए इच्छा शक्ति के साथ काम करें। मुझे प्रसन्नता है कि इस लोक सभा में दो सौ 81 माननीय सदस्य पहली बार चुक कर आए हैं मै पहली बार सदन की ओर से उनका अभिनन्दन करता हूँ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि श्री बिरला के दूसरी बार निर्वाचित होने से आज इतिहास बन रहा है। श्री मोदी ने कहा कि सदन अगले पांच वर्षों तक उनके मार्गदर्शन का लाभ उठायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसद के रूप में श्री बिरला का काम नये सदस्यों के लिए प्रेरणास्रोत होगा।

———बाईट———

आदरणीय अध्यक्ष महोदय ये सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। आपको और इस पूरे सदन को मेरी तरह से मै बहुत–बहुत बधाई देता हूँ। हम सबका विश्वास है कि आप अपने वाले पांच साल हम सबका मार्ग दर्शन भी करेंगे और देश की आशा आपकी इच्छाए पूर्ण करने के लिए अपना दायित्व निभाने में आपकी बहुत बडी भूमिका रहेगी।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि यह सदन लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने श्री बिरला को सदन के सुचारू संचालन में विपक्ष के समर्थन का आश्वासन दिया। श्री गांधी ने कहा कि सहयोग विश्वास के आधार पर होता है और विपक्ष को अपने विचार रखने का अवसर दिया जाना चाहिए।

———बाईट———

इधर, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ओम बिरला को दोबारा लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री शाह ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए श्री बिड़ला की अनुकरणीय प्रतिबद्धता भारतीय संविधान की महिमा और इसमें निहित मूल्यों को मजबूत करेगी।

————————————————————————————————राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। इसके बाद मौजूदा सत्र में दोनों सदनों के विधायी कार्य निपटाये जायेंगे। संसद का मौजूदा सत्र तीन जुलाई तक चलेगा।

————————————————————————————————

नीट–यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस पेपर लीक मामले में सीबीआई को दो प्रमुख अभियुक्तों की रिमांड मिल गयी है। पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने आज इस मामले के दो अभियुक्तों, बलदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश कुमार को सीबीआई रिमांड पर दे दिया है। केन्द्रीय जांच एजेंसी, सीबीआई ने अदालत से इनकी रिमांड की मांग की थी। इधर, एजेंसी ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुये देश के विभिन्न भागों में नीट परीक्षा केन्द्रों पर वीक्षकों की भूमिका में रहे शिक्षकों से भी पूछताछ की है। इसी सिलसिले में सीबीआई की टीम ने आज झारखंड के हजारीबाग में ओएसिस स्कूल के प्रधानाध्यापक से पूछताछ की। प्रधानाध्यापक नीट परीक्षा के लिए हजारीबाग स्थित

विभिन्न स्कूलों के सीटी को–ऑर्डीनेटर थे। सीबीआई की टीम आगे की पूछताछ के लिए प्रधानाध्यापक को अपने साथ ले गयी है। टीम ने हजारीबाग स्थित एसबीआई बैंक के अधिकारियों से भी पूछताछ की। जहां, नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र रखे गये थे। इसके साथ ही कोरियर कम्पनी के कर्मियों से भी गहन पूछताछ की गयी है।

————————————————————————————————

राज्य सरकार ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में आठ सौ छब्बीस करोड़ रूपये की तीन सौ पचास निविदाओं को रद्द कर दिया है। ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था के लिए इन निविदाओं का प्रकाशन हुआ था। विभागीय मंत्री नीरज कुमार बब्लू ने बताया कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल के दौरान जारी हुई इन निविदाओं की जांच में अनियमितता पाये जाने के बाद यह फैसला किया गया।

———बाईट———

इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सभी विभागों में टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता की जांच चल रही है। जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

———बाईट———

गौरतलब है कि, इस वर्ष फरवरी में एनडीए सरकार के गठन के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और राजद कोटे के दो मंत्री ललित यादव तथा रामानांद यादव के प्रभार वाले विभागों द्वारा लिये गये फैसलों की समीक्षा का सरकार ने आदेश दिया था।

————————————————————————————————

राज्य के अधिकांश भागों में मॉनसून की सक्रियता से बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि राज्य के उत्तर–पश्चिम क्षेत्र से मॉनसून की ट्रफ रेखा गुजर रही है। जिसके प्रभाव से प्रदेश के उत्तर–पूर्वी भागों में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश किशनगंज के बहादुरगंज में दो सौ अस्सी मिलीमीटर दर्ज की गयी है।

———बाईट———

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के हिमालय के तराई वाले क्षेत्रों में बहुत भारी बारिश का अनुमान है। इस दौरान कई स्थानों पर तेज आंधी चलने की भी सम्भावना है। उन्होंने कहा कि अगले दो तीन दिनों में पूरे राज्य में मॉनसून सक्रिय हो जायेगा।

———बाईट———

———————————————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के सिकटा प्रखंड अन्तर्गत सेनुवरिया गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गयी जबकि एक बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गयी। इधर, नालंदा जिले के सारे थाना क्षेत्र अन्तर्गत गिलानी गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

———————————————————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए नाम वापसी के अंतिम दिन आज एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके साथ ही उपचुनाव में अब ग्यारह उम्मीदवार मैदान में रह गये हैं। इनमें राजद से बीमा भारती, जदयू से कलाधर प्रसाद मंडल और निर्दलीय शंकर सिंह प्रमुख हैं। इस सीट के लिए मतदान दस जुलाई को होगा और मतों की गिनती तेरह जुलाई को की जाएगी।

———————————————————————————————————

भोजपुर के अगिआंव विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायक भाकपा माले के शिव प्रकाश रंजन को आज सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई गयी। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने अपने कक्ष में श्री रंजन को पद की शपथ दिलायी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राजद के भाई वीरेन्द्र समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————————————————

अंजू देवी पटना जिला परिषद की अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। पटना जिला समाहरणालय में आज हुये जिला परिषद चुनाव में अंजू देवी के पक्ष में तैंतीस वोट पड़े जबकि उनकी प्रतिद्वंदी रेहाना परवीन को सिर्फ पांच मत प्राप्त हुए। निर्वाचन पदाधिकारी ने इसकी औपचारिक घोषणा कर दी है।

———————————————————————————————————

अररिया जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि लेने के बाद भी आवास नहीं बनाने वाले लगभग एक हजार लाभार्थियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जिला उपायुक्त रोजी कुमारी ने बताया कि जिले के एक हजार सात सौ अट्ठासी लाभुकों को सफेद और एक हजार छह सौ अस्सी लाभुकों को लाल नोटिस भेजा गया है। उन्होंने बताया कि बीडीओ, आवास सहायक और आवास पर्यवेक्षक की टीम गठित कर योजना के तहत अधुरे आवास को दो महीने में पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है।

———————————————————————————————————

सुपौल जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत दुअनिया मोड़ के पास एनएच सत्तावन पर सड़क हादसे में मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

खगड़िया जिले के एसटीएससी विशेष अदालत ने एक महिला से दुर्व्यवहार के मामले में दो दोषियों को दो–दो वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर तीन–तीन हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————————

नवादा जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत भनैल लोदीपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में एक महिला समेत तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर तेजाब से हमला कर दिया।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र अन्तर्गत रजौड़ा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर बयालीस किलो गांजा, पैंसठ लीटर विदेशी शराब और हथियारों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

वैशाली जिले में अवैध बालू खनन और परिवहन के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के दौरान पिछले चार दिनों में चौबीस बालू लदे चौबीस वाहन जब्त किये गये हैं।

———————————————————————————

अररिया की एक विशेष उत्पाद अदालत ने शराब बरामदगी मामले में एक दोषि को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने एक लाख रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम बिरला दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत अन्य दलों के वरिष्ठ नेताओं ने अध्यक्ष को दी बधाई।

02. नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई को दो आरोपियों की मिली रिमांड। सीबीआई ने हजारीबाग में ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और एसबीआई के विभिन्न कर्मियों से की पूछताछ।

03. पीएचईडी विभाग में टेंडर आवंटन प्रक्रिया में भारी अनियमितता। आठ सौ छब्बीस करोड़ रूपये की तीन सौ पचास निविदाएं रद्द। अन्य विभागों की भी हो रही है जांच।

04. और, प्रदेश के उत्तर–पूर्वी भागों में मॉनसून की सक्रियता बढ़ने से कई स्थानों पर अति भारी बारिश। किशनगंज के बहादुरपुर में सबसे अधिक दो सौ अस्सी मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।